देशबन्धु
संस्कारधानी
बिलासपुर


उल्टा पुल्टा

पप्पू मंदिर के बाहर टहल रहा था !
**भिखारी**- बेटा तेरी जोड़ी सलामत रहे !!
**पप्पू**- अंकल मैं तो सिंगल हूँ !
**भिखारी**- मैं जूतों की जोड़ी की बात कर रहा हूँ बेटा !!

## भारत निर्वाचन आयोग के पुलिस पर्यवेक्षक सतीश गजभिये आज शहर में

**बिलासपुर**,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के छह निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहे छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में आईजीपी रैंक के ओडिसा कैडर के आईपीएस सतीश गजभिये को नियुक्त किया गया है। सतीश गजभिये 29 अक्टूबर को बिलासपुर पहुंचेंगे और एसईसीएल गेस्ट हाउस, इंद्रा विहार में ठहरेंगे ।नामांकन सहित अन्य निर्वाचन संबंधित शिकायतों या बाधाओं के लिए, कोई भी व्यक्ति सीधे उनसे संपर्क कर सकता है या अपनी चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे व्यक्तिगत रूप से मिल सकता है। श्री गजभिए चुनाव संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए प्रतिदिन सुबह 9ः00 बजे से 10ः00 बजे तक उल्लिखित स्थान पर उपलब्ध रहेंगे।

# कलेक्टर ने किया शराब गोदाम व बॉटलिंग प्लाण्ट का निरीक्षण

## अवैध निकासी एवं वितरण किए जाने पर प्रबंधन के खिलाफ होगी एफआईआर

### सीआरपीएफ की निगरानी में होगी शराब की निकासी

### चुनाव संपन्न होते तक चौबीसों घण्टे रहेंगे तैनात



**बिलासपुर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से जिले में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव उपाय सुनिश्चित किये जा रहे हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस क्रम में आज सिरगिट्टी औद्योगिक एरिया में स्थित आबकारी विभाग की शराब गोदाम सहित निजी क्षेत्र की दो शराब बॉटलिंग यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने चेताया कि इन संस्थानों से मदिरा के अवैध निकासी एवं वितरण की पुष्टि हुई तो प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

उन्होंने कहा कि शराब भण्डारण एवं बॉटलिंग के जिले में इन ठिकानों पर कल से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की पहरा रहेगी। शराब के आवक एवं जावक पर सीआरपीएफ की टुकड़ियों की चौबीसों घण्टे निगरानी रहेगी। उन्होंने लीजेण्ड डिस्टलरी की प्रवेश द्वार पर दो सीसीटीव्ही तत्काल लगाने के निर्देश प्रबंधन को दिए। सहायक आयुक्त आबकारी श्री दिनकर वासनिक भी दौरे में साथ थे।

कलेक्टर श्री शरण ने आज लगभग दो घण्टे तक सिरगिट्टी स्थित शासकीय मद्य भण्डार गृह तथा निजी क्षेत्र की बॉटलिंग यूनिट मे. गोल्डन प्रिंस वाईन्स एवं मे. लीजेण्ड डिस्टलरी का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों के काम-काज एवं मदिरा निर्माण एवं आवक-जावक प्रक्रिया को बारीकी से समझा। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नियमों के विपरित जरा भी काम नहीं करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने इन संस्थानों में स्थापित सीसीटीव्ही एवं अग्निशमन उपकरणों का भी अवलोकन कर इन्हें हमेशा अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं मॉनीटरिंग कक्ष में पहुंचकर कुछ पुराने रिकार्डस चेक किए। उल्लेखनीय है कि सिरगिट्टी स्थित आबकारी गोदाम से बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के 14 जिलों की 207 मदिरा दुकानों में शराब की आपूर्ति की जाती है।

शराब का परिवहन जीपीएस सिस्टम युक्त वाहनों से किया जाता है। 25 सीसीटीव्ही के जरिए चारों गोदामों की निगरानी की जाती है।

उन्होंने गोदाम में विभाग द्वारा संधारित विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया और इन्हें हमेशा अपडेट रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोल्डन प्रिंस वाईन्स एवं लीजेण्ड डिस्टलरी का भी सघन अवलोकन किया। शराब की ब्लेण्डिग एवं बॉटलिंग प्रक्रिया देखी। उन्होंने इन संस्थानों में कार्यरत मजदूरों से भी चर्चा कर चुनाव के दिन 17 नवम्बर को मतदान करने जाने का आग्रह किया।

# मतदान केंद्र में चुनाव प्रक्रिया पर पैनी निगाह रखेंगे माइक्रो ऑब्जर्वर



### प्रेक्षक को सीधे देंगे मतदान से संबंधित फीड बैक

### माइक्रो ऑब्जर्वर्स का प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न

**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए आज मल्टीपरपज स्कूल दयालबंद में माइक्रो ऑब्जर्वर्स का प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में लगभग 500 माइक्रो ऑब्जर्वर्स शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर द्वारा आब्जर्वर्स को उनकी भूमिका समझाई गई। नगर निगम कमिश्नर एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी कुणाल दुदावत ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया और प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के संबंध में टिप्स भी दिए।

प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एमटी आलम एवं शैलेष पाण्डेय द्वारा माइक्रो आब्जर्वर्स को बताया गया कि मतदान स्थलों के सभी गतिविधियों पर निगाह रखने का दायित्व माइक्रो ऑब्जर्वर्स का होता है। वे सीधे प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक देंगे। उन्हें 18 बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है। वे पोलिंग पार्टी के सदस्य नहीं हैं। उन्हें पोलिंग बूथ में रैम्प, पानी, विद्युत व्यवस्था, शौचालय आदि की उपलब्धता की जानकारी देनी होती है। मॉकपोल माइक्रो ऑब्जर्वर्स की उपस्थिति में होना अनिवार्य है। मॉकपोल के समय मतदान अभिकर्ता मौजूद है कि नहीं इसकी रिपोर्ट भी माइक्रो ऑब्जर्वर्स देंगे। साथ ही मतदाता रजिस्टर के बारे में बताया गया। मतदाता रजिस्टर 17क में पहचान, दस्तावेजों की विशिष्टता सावधानी पूर्वक भरी जा रही है कि इसकी भी रिपोर्ट माइक्रो ऑब्जर्वर्स देंगे।

फॉर्म 17 ग में दर्ज मतों के लेखों की प्रतियां मतदान अभिकर्ताओं को दिया गया है अथवा नहीं, मतदान की गोपनियता सुनिश्चित करने के लिए मतदान कोष्ठ उपयुक्त ढंग से बनाया गया है अथवा नहीं, यह जानकारी भी माइक्रो ऑब्जर्वर्स अपने रिपोर्ट में सौपेंगे। प्रशिक्षण में एएसडी, दिव्यांग, सीएसवी मतदाता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## सार-संक्षेप

### प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई



**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। बड़े एवं छोटे वाहनों पर प्रेशर हॉर्न से जहां ध्वनि प्रदूषण हो रहा है वही लोगों को हो रही परेशानी के निजात के लिए यातायात के उल्लंघन करने वालो पर डी0एस0पी0 ट्रैफिक बिलासपुर संजय साहू ने की सख्ती से कार्यवाही की ।आज की कार्यवाही प्रेसर हॉर्न के अलावा ऐसे मोटरसाइकिल वाहन जिओ प्रतिबंधित एवं मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर वाहन पाए जाने एवं आचार संहिता के लागू होने के बाद नंबर प्लेट पर पदनाम या चिन्ह लगाकर वाहन चलाते पाए जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त होने पर यातायात पुलिस का हमला शहर के मुख्य मार्ग मुंगेली नाका रोड, हाई कोर्ट रोड,सरकंडा रोड लिंक रोड, लिंक रोड पर टीम बनाकर कार्रवाई की गई ।आज की कार्यवाही में ध्वनि प्रदूषण प्रेसर हॉर्न पर 50 वाहनों से 15000/- से अधिक का चलान काटा गया ।मोडीफाई सलीलेंसर लगे 08 वाहनों पर कार्यवाही कर साइलेंसर जप्त वैध साइलेंसर लगवाया गए आज की कुल 128 वाहनों से 59,200/- का चलान काटा गया।

### रक्तदान के जरिए देंगे मतदान महादान का संदेश




**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम के तहत मानवता की सेवा हेतु रक्तदान करने के साथ ही शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जाएगा। रक्तदान एवं मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने रक्तदान-महादान मतदान-महादान कार्यक्रम का आयोजन 4 नवम्बर को प्रार्थना सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने इस कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की है।

### 31 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

**बिलासपुर**,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता के लिए जारी निर्देशों का पालन करते हुए मनाया जाएगा। शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस संबंधी शपथ अपने कक्ष एवं कार्यालय में लिया जाएगा। जिले में विधानसभा निर्वाचन के कारण आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ लिये जाने व उक्त अवसर पर इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए है कि किसी भी प्रकार आदर्श आचार संहिता हेतु जारी निर्देशों का उल्लंघन ना हो। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय एकता दिवस हर वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।

# तलवार लेकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर बिलासपुर जिले के सभी थाना क्षेत्रों के सभी गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों को तलब कर आदर्श आचार संहिता के नियम एवं शर्तों के बारे में बताने तथा थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गये व्यापक दिशा निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल (भा.पु.से.), के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाईन के स्टाप द्वारा



आगामी विधान सभा चुनाव के मददेनजर पेट्रोलिंग के दौरान आदतन बदमाश निलेश कुमार पिता माता प्रसाद जायसवाल उम्र 40 वर्ष निवासी मिनीबस्ती जरहभाठा जिला बिलासपुर के द्वारा आज दिनांक को भाटिया पेट्रोल पंप रिंग रोड नंबर 02 के सामने एक तलवार लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य को मिलने पर तत्काल प्रधान आरक्षक नवीन कुमार के हमराह आरक्षक सत्येंद्र सिंह, अनूप नेताम को आवश्यक हिदायत के साथ मौके पर भेजकर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया।

जिसके कब्जे से एक तलवार जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है ।प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य प्रधान आरक्षक नवीन कुमार, आरक्षक सत्येंद्र सिंह, अनूप नेताम का विशेष योगदान रहा।

# महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बिलासपुर**,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना चकरभाठा को आज मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति भारी मात्रा मे मोटर सायकल मे शराब लेकर नयापारा चकरभाठा से छतौना मोड की ओर जा रहे है । थाना प्रभारी अभय सिंह बैस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम बनाकर छतौना मोड चौक के पास घेराबंदी किया गया जहा दो व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 11 सी.एफ. 1323 मे छतौना मोड की तरफ आते दिखे जिसे चकरभाठा पुलिस द्वारा रोक कर चेक करने पर 02 प्लास्टिक के डिब्बा मे 30 लीटर महुआ शराब कीमती 3000 रुपये का मिला दोना व्यक्तियो से नाम पुछने पर 1. ननकी धुरी पिता मनबोध उम्र 27 साल निवासी नयापारा 2. कुश कुमार सहिस पिता स्व रामू सहिस उम्र 25 साल निवासी इन्द्रपुरी हिर्री माइंस थाना चकरभाठा जिला बिलासपुर का होना बताये तथा उक्त शराब को बिक्री करने हेतु ले जाना स्वीकार करने पर आरोपियो को गिरफ्तार कर तथा मोटर सायकल को जप्त कर आरोपियो विरुद्ध अपराध क्रमांक 483/2023 धारा - 34(2)59 (क) आबकारी एक्ट आबकारी एक्ट कायम कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।



# चाकू लेकर घूम रहे दो युवक पकड़ाए

**बिलासपुर**,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) के द्वारा पूर्व मीटिंग लेकर आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने तथा अपराधिक तत्वों पर करवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए है ।




इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र कुमार जायसवाल नगर पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के निर्देशन में थाना सरकंडा से एक टीम थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग हेतु लगायी गई है पेट्रोलिंग द्वारा सूचना पर अलग-अलग क्षेत्र से दो व्यक्तियों रवि साहू को रामा ग्रीन सिटी के पास से, दुर्गेश साहु को बेहतराई से पकड़ा गया। जिनमें पास से अलग-अलग 02 नग चाकू जप्त किया गया दोनो आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# अब घर बैठे लीजिए जनरल टिकट

### मोबाइल ऐप से जनरल टिकट की खरीदी में हो रही है लगातार बढ़ोत्तरी

**बिलासपुर** ,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है ।इस शृंखला में ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है ।इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकार टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की जरूरत अब नहीं है ।इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है ।यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथ सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है ।यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं ।इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं ।उल्लेखनीय है कि स्टेशन से दूर रहने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को बढ़ाकर 25 किमी भी कर दिया गया है, अर्थात यात्रीगण स्टेशन से 25 किमी की दूरी से भी इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं ।इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल' 2023 से अभी तक ' 2023 तक कुल आरक्षित टिकटों की बूकिंग में 80 प्रतिशत से भी अधिक मोबाइल टिकटिंग से बुक किए गए । इसी प्रकार इसी समान अवधि में लगभग 17 लाख से भी अधिक रेल यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप (ज्ञस् श्ठ्ठ स्र्भ्ड्ढद्बद्यद्ग ड्डश्चश्च) के द्वारा अनारक्षित टिकट की खरीदी कर यात्रा की ।रेलवे प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि त्वरित घर बैठे आसानी से इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने की इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठावें ।

# पूरा-पूरा मन मत तोड़ो, तोड़ दिया तो पछताओगे...बिलासपुर प्रेस क्लब में हुआ कव्य पाठ

### प्रेस क्लब और कविता चौपाटी के तत्वाधान में किया गया आयोजन




**बिलासपुर**,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार की शाम कविता चौपाटी से एवं बिलासपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गीतकार स्व. रामप्रताप सिंग विमल को समर्पित शरद पूर्णिमा उत्सव प्रेस क्लब में सतीश जायवाल वरिष्ठ पत्रकार की अध्यक्षता, पं. गिरधर शर्मा मुख्य अतिथि सदस्य टीम कविता चौपाटी से एवं रुद्र अवस्थी वरिष्ठ पत्रकार के विशिष्ट अतिथ्य में संपन्न हुआ।

काव्य पाठ हेतु आमंत्रित सुश्री उज्मा अख्तर शायरा एवं पूर्व अध्यक्ष उर्दू अकादमी छत्तीसगढ़, आलोक त्रिपाठी गजलकार एनटीपीसी सीपत, अजितेश सिंग कवि एवं पुत्र रामप्रताप सिंग विमल श्रीमती रचना पाल, वाह-वाह क्या बात है फेम एनटीपीसी सीपत तथा शरद यादव युवा कवि लुथरा सरीफ ने अपनी अपनी रचनाओं से पूरे प्रेस क्लब में बैठे श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के प्रथम चरण अतिथियों का स्वागत एवं शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए महेश श्रीवास ने सभी आमंत्रित कवि एवं अतिथियों को मंचस्थ किया। काव्य संध्या का संचालन करते हुए शहर के व्यंग्यकार राजेन्द्र मौर्य संचालन करते हुए स्व रामप्रताप हसंग विमल के गीत की पंक्ती तुमने अब तक आश्वासन से जी बहलाया है काजल नहीं महावर दे दो फागुन आया है। को स्मरण करते हुए अपनी श्रद्धाजलि अर्पित की तत्पश्चात् सर्वप्रथम श्री शरद यादव को आमंत्रित किया जिन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा में गांव को केन्द्रीत करते हुए अपने सुमधुर आवाज में काव्य पाठ किया। एनटीपीसी सीपत से आई हुई कवयित्री श्रीमती रचना पाल ने नारी आकोश की बात को लेकर समाज में महिलाओं के प्रति समानता का व्यवहार पर काव्य पाठ कर श्रोताओं को विचार करने के लिए बाध्य कर दिया। सुश्री उज्मा अख्तर ने स्वर में गजल का पाठ किया एनटीपीसे सीपत से पधारे आलोक त्रिपाठी ने बेहतरीन आवाज में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए प्रत्येक शेर पर वाह-वाह करने के लिए बाध्य कर दिया. उन्होंने सेर पढा बेवजह दिल लगा बैठे हमने कई दुश्मन बना बैठे हमने अजितेश सिंग ने अपने पिता रामप्रताप सिंग विमल की एक रचना पढ़ उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात् गीतों की झड़ी लगाते हुए उन्होंने कई गीत पढ़े हम झोपड़ी में रहने वाले हमें उनके उच कमानों से क्या लेना। कार्यक्रम की अध्यक्षी आसंदी से सतीश जायसवाल ने प्रेस और साहित्य जगत को आपस में जोड़ने के लिए कविता चौपाटी की भूरी-भूरी प्रसंशा की मुख्य अतिथि पं. गिरधर शर्मा जी ने सभी कवियों को अपना अशिर्वाद देते हुए स्व. रामप्रताप सिंग विमल को गीतकार के साथ-साथ एक अच्छे संगीतकार के रूप में भी स्मरण किया। विशिष्ट अतिथि के पद से वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थि ने कहा कि इस आयोजन से उसे बहुत सिखने को मिला है तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रम में मुझे आकर खुशी होगी। बिलासपुर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष प्रतिक वासनिक ने सभी आमंत्रित कवि एवं श्रोताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि कविता चौपाटी से के साथ मिलकर हम सिघ्र ही बड़े स्तर पर कवि सम्मेलन का आयोजन करेंगे। कविता चौपाटी ने अपने टीम के सदस्यों का अभिनंदन किया जिनका सहयोग कविता चौपाटी के संचालन में सदैव मिलता रहता है उसमें मुख्य रूप से राघवेन्द्र चर दिवान डॉ. सुधाकर बिबे अजय पाठक, मनोहर दास मानिकपुर, दिनेश्वर राव जाधव राकेश पाण्डे श्रीमती धनेश्वरी सोनी, टी. विनिवास राव, श्रीमति पूर्णिमा तिवारी, के.के. पाठक। आज के कार्यक्रम में निम्नलिखित श्रोताओं की उपस्थिति रही गोवर्धन प्रसाद शर्मा, श्रीमती लेखनी जाधव, बसंत पाण्डे, ऋहराज दिलीप यादव सचिव प्रेस क्लब प्रतिक वासनिक कोषाध्यक्ष प्रेस क्लब, राजेश दुआ डा. जी. डी. पटेल जे.पी. डहरे आदित्य बर्मन, के.पी. अग्रवाल, श्रीमती कमलेश पाठक शैलेश वस्त्रकार सत्येंद्र तिवारी, राजेश सोनार महेन्द्र कुमार साहू, श्रीमती मधु मौर्य, श्रीमती अजली मौर्य, महेश श्रीवास, विपिन पाल, रमन किरण, विश्वनाथ राव, मयंक दूबे, श्रीमती जालेश्वरी देवी राजेश दुआ इत्यादी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### स्पाईन व स्वास्थ्य जागरुकता रैली 30 को

**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेराजेम थैरेपी सेंटर कोरबा द्वारा 30 अक्टूबर को स्पाईन एवं स्वास्थ्य जागरुकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। सेराजेम संचालक अरविंद सूर्यवंशी ने बताया कि डब्ल्यूएचओ विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 16 अक्टूबर को पूरी दुनिया में वर्ल्ड स्पाइन डे मनाया जाता है। रीढ़ की हड्डी मानव शरीर की जड़ है, आज पूरी दुनिया में रीढ़ की हड्डी की परेशानी बढ़ती जा रही है। सेराजेम थैरेपी सेंटर के द्वारा पिछले 11 वर्षों से हड्डी को स्वस्थ करने के लिए कार्य किया जा रहा है। पूरे दिन में करीब 200 लोग सेराजेम का निःशुल्क उपचार लेते हैं। 30 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 से 12 बजे के मध्य स्पाईन जागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को रीढ़ की हड्डी के बारे में जानकारी दी जाएगी। उक्त जागरुकता रैली शारदा विहार सेराजेम सेंटर से शुरू होकर पॉवर हाऊस रोड होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चौक और यहां से बाईपास रोड शारदा विहार सेराजेम सेंटर में समाप्त होगी।

### सतनामी कल्याण समिति की बैठक आज

**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सतनामी कल्याण समिति की बैठक 29 अक्टूबर रविवार को दोपहर 3 बजे सतनाम भवन में रखी गई है। बैठक में माह दिसंबर में गुरु घासीदास जी की भव्य जयंती मनाने के संबंध में निर्णय लिए जाना है। कोरबा विधानसभा के विधायक व कैनेट मंत्री माननीय जयसिंह अग्रवाल के द्वारा सतनामी कल्याण समिति को 8 एकड़ जमीन प्रदान किया गया है इसके संबंध में भी उचित चर्चा कर उचित निर्णय लिया जाना है अतः समिति के सभी संरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य, एवं साधारण सदस्य, राजमहंत, भंडारी एवं सभी संत समाज को समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### पंप हाउस में मूर्ति ने किया रावण दहन



कोरबा, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंप हाउस पानी टंकी वार्ड 14 के खेल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के द्वारा रंगारंग आतिशबाजी भी की गई। मुख्य अतिथि एस. मूर्ति के द्वारा रावण दहन किया गया। इस अवसर पर अतिथि एस मूर्ति ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि दशहरा पश्चात इस तरह का आयोजन से उन लोगों को बहुत ही अधिक लाभ मिलता है जो किसी कारणवश दशहरा के दिन कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों पर शामिल नहीं हो पाते उन्हें इस दिन आयोजन में शामिल होने का मौका मिलता है जिसका पूरा श्रेय दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार यादव और उनके समिति को जाता है। कई सालों से समिति के द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम वार्ड में किया जा रहा है जिसमे वार्ड के लोगों के साथ आसपास क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में सपरिवार शामिल होते हैं। श्री मूर्ति ने इस मौके पर समिति के सदस्यों सहित उपस्थित जनों को बुराई पर अच्छाई के प्रतीक दशहरा पर्व की बधाई दी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद मुकेश कुमार बग्गा, सुबोध कुमार पांडे, रमेश कुमार केशरवानी, कुलवंत सिंह, चंद्रहास यादव, सतीश केसरवानी, छबील कुमार पांडे, शेखर तिवारी, संतोष केवट, राजेंद्र राठौर, अमर सिंह,संजय कुमार दुबे, कलीम अंसारी, होरी लाल यादव, मनोज कुमार पांडे आदि शामिल रहे।

### कटघोरा के ग्राम छुरी व धनरास में मतदान महा तिहार का अभियान




**कोरबा-कटघोरा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 17 नवंबर को आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। जिले में मतदान महातिहार अभियान चलाया जा रहा है। घर-घर लोगों से रूबरू होते शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किया जा रहा है। लोग अभियान में बढ़ चढ़ का हिस्सा ले रहे है। शहर एवं गावों के लोग अभियान को लेकर अति अत्साहित दिखाई दे रहे है साथ ही संकल्प लेते हुए शपथ ले रहे है की इस बार निष्पक्ष निर्वाचन में बिना प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसी कड़ी में आज कटघोरा के ग्राम छुरी से लेकर धनरास तक विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। युवा महिलाओं व पुरुषों की टोली ने पारा मोहल्ला में रैली निकालकर नारा लगाते हुए लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने जागरूक किया गया। कार्यक्रम को लोगों ने अपने गावों में अभियान चलाने जिला निर्वाचन अधिकारी का आभार प्रकट किया गया।

### इंदिरा विहार विकास समिति ने मनाया शरद पूर्णिमा

कोरबा, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरा विहार विकास समिति द्वारा शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंदिरा विहार युवा दुर्गा उत्सव समिति एवं इंदिरा विहार विकास समिति का सहयोग रहा। बच्चों को एसके अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, डॉ राजेंद्र साहू,बजरंग अग्रवाल, रजनीश निषाद, प्रकाश जैन,मनोज अग्रवाल, बंटी मखीजा,प्रवीण पटेल, मुकेश गोयल ने पुरस्कृत किया। निर्णायक के रूप में श्रद्धा अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, कल्पना पटेल उपस्थित हुए। इंदिरा विहार महिला मंडल की अध्यक्षा रश्मि श्रीवास,सचिव मुक्ता अग्रवाल,कोषाध्यक्ष भूमिका अग्रवाल,पल्लवी अग्रवाल, रश्मि सरावगी, पूजा पटेल, पिंकी केडिया के हाथों पुरस्कार वितरण किया गया। अंत में अध्यक्षा रश्मि श्रीवास ने सभी का आभार प्रकट किया।



# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं कि कानून का उल्लंघंन हो

### प्रयास उमावि डिंगापुर में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित



**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विद्यालय, महाविद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन की कड़ी में शासकीय प्रयास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंगापुर में शिविर का आयोजन किया गया।

डीएल कटकवार, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मागदर्शन में आयोजित शिविर में विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट विक्रम प्रताप चन्द्रा ने उपस्थित छात्रों को बताया गया कि प्रायः कानून के नाम सुनते हैं और उसका अर्थ अपराध से लगाते हैं। विधि के विपरीत कार्य करना अपराध होता है, चाहे वह जाने-अनजाने में क्यों न हो। उनके द्वारा छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच की जानकारी देते हुये कहा गया कि यदि उनके साथ किसी भी तरह का गलत व्यवहार होता है तो इसकी शिकायत अपने शिक्षक एवं माता-पिता से करें। अपराध को किसी भी तरह का बढ़ावा न दें। पीड़ित यदि अपराधी की शिकायत न करें तो अपराधी को बल मिलेगा और आगे वह गंभीर अपराध करेगा। बालकों के लैंगिंक अपराधों के संरक्षण पर कहा कि जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, वे बालकों की श्रेणी में आते हैं। पीड़ित बालकों के प्रकरण विशेष न्यायालय में सुने जाते है। संविधान की आर्टिकल-19 के संबंध में सवाल पर बताया गया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि कानून का उल्लंघन हो।

### बिना पढ़े कोई भी मैसेज फारवर्ड न करें

शिविर में कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम पर बताया कि लायसेंस, वाहन के बीमा, वाहन का आरसी बुक के साथ ही वाहन का संचालन किया जावें। ये तीनों यदि किसी व्यक्ति के पास नहीं है तो होने वाले दुर्घटना में उनको स्वयं ही अगले पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा देना पड़ता है। गंभीर चोट या मृत्यु होने पर और भी अधिक क्षतिपूर्ति देना वाहन मालिक की जवाबदेही हो जाती है। बच्चों को मोबाईल का सीमित उपयोग किये जाने की सलाह देते हुये कहा कि स्मार्ट मोबाईल का सदुपयोग किया जाए। बिना पढ़े कोई भी मैसेज फारवर्ड न करें, गलत मैसेज फारवर्ड करने पर साइबर कानून के तहत् अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जा सकता है। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क विधिक सेवा प्राधिकरण योजनाओं पर बताया कि कोई भी व्यक्ति जिसकी आय 1.5 लाख रूपये से कम है, ऐसे व्यक्ति को जिसके प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त नहीं है उसके प्रकरण में प्रशिक्षित पैनल लायर को शासकीय खर्चे पर पैरवी करने के लिये दिया जाता है ताकि व्यक्ति न्याय से वंचित न हो सके।

# क्षमता से ज्यादा कोयला लोड कर चलाई जा रही मालगाड़ियां



**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे द्वारा मालगाड़ी में निर्धारित क्षमता से ज्यादा कोयला लोड कर परिचालन किया जा रहा है। इससे जहां रेल पटरी क्षतिग्रस्त हो रही है, वहीं दुर्घटनाएं भी बढने लगी है। कोयला लोड वैगन के पटरी से नीचे उतरने पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है, पर रेल प्रबंधन का ध्यान केवल कोयला लदान बढ़ाना है। इन दिनों ज्यादा कोयला परिवहन के चक्कर में लांग हॉल गाडियां चलाई जा रही है जिससे 2-3 ट्रेन एक साथ जोड़ी जा रही है। काफी लंबी ट्रेन होने के कारण पटरियों पर दबाव बढना भी लाजिमी है। इन्हीं पटरियों से होकर यात्री गाडियां भी संचालित होती है, यह नहीं भूलना चाहिए।

कोरबा औद्योगिक जिला में स्थित एसईसीएल की गेवरा, दीपका व कुसमुंडा मेगा परियोजनाएं संचालित हैं। तीनों परियोजना से प्रतिदिन एक-एक लाख टन से भी ज्यादा कोयला निकल रहा है। इसके अलावा मानिकपुर, सुराकछार, बलगी, बगदेवा, ढेलवाडीह व सिंघाली खदान में उत्खनन कार्य किया जा रहा है। इन खदानों से निकले कोयला को सर्वाधिक मालगाड़ी के माध्यम से परिवहन किया जाता है। इसके बाद रोड सेल से भी कोयला परिवहन सडक् मार्ग द्वारा होता है। खदानों से प्रतिदिन 35 रैक कोयला छत्तीसगढ़ समेत महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब व अन्य राज्य में स्थित विद्युत संयंत्र व अन्य उपक्रमों में आपूर्ति किया जा रहा है। एक रैक में अमूमन 60 वैगन होते हैं और प्रत्येक वैगन में 58 से 61 टन कोयला भरने की क्षमता होती है परंतु निर्धारित क्षमता से ज्यादा कोयला लोड किया जा रहा है। पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं और सरगबुंदिया में कोल एडजस्टमेंट के नाम पर ओव्हर लोड कोयला खाली कराने का भी अवैध कारोबार उजागर हुआ। लगातार विरोध के कारण यह काम साइडिंग पर बंद करना पड़ा। ओव्हर लोड कोयला के कारण रेल पांत क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

**पटरियों के क्षतिग्रस्त होने से बढ़ती हैं रेल दुर्घटनाएं**



### शासन को पहुंच रही राजस्व क्षति

मालगाडियों के बेपटरी होने से राज्य शासन को भी राजस्व क्षति उठानी पड़ रही है, क्योंकि जितने वैगन पटरी से उतरे रहते हैं,उनका कोयला गिरकर बिखर जाता है। रेलवे द्वारा पुनः उक्त कोयला को नहीं उठाया जाता है, इससे राज्य शासन को मिलने वाले राजस्व का नुकसान होता है। इसके अलावा वैगन की जितनी क्षमता होती है, उतने कोयला का ही राजस्व शासन को प्रदान किया जाता है, पर इससे अधिक कोयला लोड करने पर राजस्व नहीं दिया जाता, क्योंकि इसकी जानकारी शासन को नहीं दी जाती है।

### दीपका साइडिंग में 5 वैगन पटरी से उतरे

कल ही दीपका साईडिंग में मालगाड़ी के पांच वैगन बेपटरी हो गए क्योंकि क्षमता से ज्यादा कोयला भरे जाने के कारण पटरी पर कोयला गिरने लगता है और यही कोयला चूरा होकर पानी में गीला होने से जम जाता है। इससे मालगाड़ी के पहिए पटरी पर ठीक से नहीं दौड़ पाते हैं। इससे पहिए पटरी से नीचे उतर जाते हैं, साथ ही दूसरी लाईन में भी आवागमन प्रभावित होता है। ऐसा नही है कि रेल प्रबंधन को इसकी जानकारी न हो किंतु जानकारी होने के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जाता। दरअसल रेल प्रबंधन द्वारा निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए वैगन में अधिक कोयला लोड किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस 31 को

**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस संबंधी शपथ अपने कक्ष, कार्यालय में ली जाएगी। उक्त अवसर पर आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन पर विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### आरएसएस का विजयादशमी उत्सव आज

**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा नगर का विजयादशमी उत्सव 29 अक्टूबर रविवार को सायं 4 बजे से दशहरा मैदान सुभाष चौक में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष सेवक राम मरावी व वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री भारतीय मजदूर संघ मध्य क्षेत्र सुनील किरवई होंगे। नगर संघचालक डॉ. विशाल उपाध्याय ने नगरजनों से विजयादशमी उत्सव में शामिल होने अपील की है।

## स्ट्रॉग रूम में सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करें- कलेक्टर

### आईटी कॉलेज में निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आईटी कॉलेज झगरहा में इव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग, सामग्री वितरण, मतगणना हेतु तैयारियों की जानकारी ली और कहा कि निर्वाचन आयोग के चेकलिस्ट अनुसार सभी आवश्यक तैयारी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने परिसर में कई गई व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया।

मतदान कर्मियों को सामग्री वितरण, ईव्हीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपीएटी, विभिन्न प्रकार के लेखन सामग्रियों आदि का संग्रहण आईटी कॉलेज परिसर में किया जाएगा। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, प्रेक्षक कक्ष, बैठक कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था कक्ष, सीटीटीवी निगरानी एवं वेबकास्टिंग कक्ष का अवलोकन किया।

उन्होने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, एडिशनल एसपी, अभिषेक वर्मा, रिटर्निंग ऑफिसर, लोक निर्माण विभाग के ईई श्री जी आर जांगड़े सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### ईव्हीएम/व्हीव्हीपैट को स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित करने लगाई गई ड्यूटी

**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा व पाली-तानाखार में उपयोग होने वाले ईव्हीएम/व्हीव्हीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन के पश्चात् मशीनों को आईटी कॉलेज झगरहा स्थित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित करने एवं विधानसभा क्षेत्रवार निर्धारित ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट मशीनों को निर्धारित स्ट्रांग रूम में व्यवस्थित रखने हेतु विभिन्न अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र रामपुर हेतु सत्यपाल राय सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र कोरबा में मनीष देव साहू सहायक रिटर्निंग अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## दुर्गा उत्सव की सिल्वर जुबली पर काटा केक, हुई आतिशबाजी



**गांधी चौक में दुर्गा पूजा आयोजन को हुए 25 वर्ष**

**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री श्री दुर्गा पूजा गांधी चौक उत्सव समिति के द्वारा दुर्गा पूजा आयोजन के 25 वर्ष पूरे होने केअवसर पर सिल्वर जुबली सेलिब्रेट किया गया। गांधी चौक परिसर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष विजयादशमी के अवसर पर दुर्गा स्वरूपा कन्या आराध्या के हाथों से सिल्वर जुबली केक कटवाया गया। केक काटने के पश्चात माता को भोग लगाया गया एवं उपस्थित लोगों को मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर माता के जयकारे से परिसर गूंज उठा। 1008 दीयों की जगमगाहट और आतिशबाजी ने भी उपस्थितों को आकृष्ट किया। यहां श्रद्धालुओं ने बैंड बाजे के साथ पहुंचकर माता को चुनरी भी भेंट किया। समिति के द्वारा पूरे 10 दिनों तक भोग-प्रसाद का वितरण कया जाता रहा जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। बुधवार को मां की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। संपूर्ण आयोजन में गांधी चौक उत्सव समिति के सदस्यों सहित गांधी चौकवासियों का भरपूर योगदान प्राप्त हुआ।

# मतदाताओं को जागरुक करने महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम



**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला स्वीप नोडल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

कमला नेहरू महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान की महत्ता बताते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी ने अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सभी सहायक प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। सभी ने मतदान तिथि को अनिवार्य मतदान हेतु संकल्प लिया।

इसी तरह कटघोरा के जय बूढ़ा देव कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम रामपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा स्वीप रंगोली बनाई गई। नोडल अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत् मतदान करने शपथ दिलाई गई।

स्वयं सेवकों को पेंटिंग व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

हरदीबाजार के शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में स्वीप नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेरा वोट-मेरे सशक्त विकास का आधार, विषय पर छात्र-छात्राओं के द्वारा नारा लेखन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ. अनिल कुमार पांडेय ने अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करने व मतदान में अपनी सहभागिता देते हेतु जागरूक किया। स्वीप प्रभारी डॉ. एस.कृष्ण मूर्ति ने मताधिकार की शपथ दिलाई गई।

### दिव्यांग सहित 80 प्लस आयु के मतदाताओं को मतदान का प्रशिक्षण 30 को

**कोरबा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 223 हेतु 8 वर्ष से अधिक आयु, दिव्यांग मतदाता, कोविड-19, अनिवार्य सेवा श्रेणी के प्रारुप - 12 घ में आवेदन करने वाले अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण 3 अक्टूबर को 12 बजे से 2 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित है। उक्त प्रशिक्षण में संबंधित मतदान केन्द्र के सेक्टर ऑफिसर एवं बी.एल.ओ. भी उपस्थित रहेंगे। सर्व रिटर्निंग ऑफिसर संबंधित मतदान केन्द्र के सेक्टर ऑफिसर एव बी.एल.ओ. को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# सार-संक्षेप

## वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से रिटर्निंग ऑफिसर व नोडल अधिकारियों की हुई बैठक

**अम्बिकापुर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहब कंगाले ने शनिवार को वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्यों के संबंध में रिटर्निंग अधिकारियों एवं डाक मत पत्र, मतदाता सूची, चिन्हित प्रति के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने द्वितीय चरण में मतदान होने वाले राज्य के 70 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव चिन्ह का आबंटन एवं फॉर्म 07 क की तैयारियों के अलावा निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की सूची तैयार करने एवं डाक मत पत्र आदि से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त अम्बिकापुर श्री अभिषेक कुमार सहित जिले के सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा डाक मत पत्र एवं मतदाता सूची चिह्नित प्रति के नोडल अधिकारी जिला कलेक्टरेट के एनआईसी कक्ष में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## निर्वाचन कर्मियों की मृत्यु या घायल होने पर अनुग्रह प्रतिकर भुगतान सम्बन्धी प्रस्ताव भेजने पत्र जारी

**अम्बिकापुर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसम्बन्धितों को पत्र जारी कर विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन कर्तव्य के दौरान निर्वाचन कर्मियों की मृत्यु या घायल होने पर अनुग्रह प्रतिकर भुगतान संबंधी प्रस्ताव भेजने कहा है। जारी पत्र में प्रकरणों का प्रस्ताव के दस्तावेजों को निर्धारित क्रम तथा प्रारूप में प्रेषित करने कहा गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य अनुग्रह प्रतिकर भुगतान नियम 2009 के नियम-7 के तहत परीक्षण किये जाने दस्तावेजों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुशंसा सहित प्रस्ताव, मृतक की सेवा पुस्तिका में अंकित नॉमिनेशन फॉर्म की सत्यापित छायाप्रति, निकटतम पुलिस थाना में दाखिल प्रथम सूचना प्रतिवेदन संलग्न, डाक्टरी मुलाहिजा प्रतिवेदन अथवा पोस्टमार्टम प्रतिवेदन संलग्न, वैध उत्तराधिकारी का पासपोर्ट साईज की सत्यापित फोटो, अधिकारी/ कर्मचारी या मृत के नाम से जारी निर्वाचन कर्तव्य की प्रति शामिल है।

## कत्ता लेकर मोहल्लेवालों को डरा धमका रहा युवक गया जेल

**रायगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कल दोपहर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव को सोनकरपारा में एक युवक द्वारा धारदार हथियार लेकर मोहल्लेवालों और सड़क पर आने-जाने वालों को डराने धमकाने की सूचना मुखबीर से मिला। थाना प्रभारी द्वारा थाने के सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिदार को पेट्रोलिंग स्टाफ के साथ सोनकरपारा जाकर तस्दीक करने और कार्यवाही का निर्देशित दिया गया। तत्काल जूटमिल पेट्रोलिंग सोनकरपारा पहुंची। जहां एक युवक हाथ में लोहे का धारदार कत्ता लिए रास्ते लोगों को डराते हुये मिला जिसे सुरक्षा पूर्वक जूटमिल स्टाफ द्वारा हिरासत में लिया गया।

युवक ने अपना नाम पूछने पर अपना नाम साहिल भारती पिता भोला शंकर भारती उम्र 23 साल निवासी मिशन हॉस्पिटल केदारपुर पहूना किराना स्टोर के पास सिटी कोतवाली जिला सरगुजा हाल मुकाम टीकम चैहान का किराया मकान सोनकरपारा थाना जूटमिल बताया। आरोपी साहिल भारती के कब्जे से धारदार लोहे का कत्ता की जप्ती कर आरोपी पर थाना जूटमिल में आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

## छड़ चुराने वाले युवक को लैलूंगा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कल ग्राम सलखिया की रहने वाली श्रीमती शकुन्तला निषाद (उम्र 45 वर्ष) द्वारा उसके घर सामने मकान बनाने के लिये रखी हुई 02 बंडल 8उउ की छड़ से एक बंडल छड़ को 25 अक्टूबर की रात्रि गांव का राकेश पैंकरा और उसके साथी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 25 अक्टूबर की रात्रि करीब 09 बजे घर के सामने रखे छड 01 बंडल को कुछ लोग चोरी कर ले जाते देखी। तब अपने लडका और दामाद के साथ तीनों उन्हें बाहर निकलकर दौड़ाये। दो लड़के को छड़ लेकर अंधेरे में भागते हुये देखे जिनमें एक लड़के को पहचान लिये जो गांव का राकेश पैंकरा था। लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर ग्राम सलखिया मे दबिश देकर आरोपी राकेश कुमार पैंकरा पिता एतवार सिंह पैंकरा उम्र 22 साल निवासी ग्राम सलखिया थाना लैलूंगा को हिरासत में लिया गया जिसके मेमोरेंडम पर चोरी की एक बंडल छड़ 70 किलो, कीमती 4070 बरामद कर आरोपी को ज्युडिसियल रिमांड प्राप्त करने जेएमएफसी घरघोड़ा के न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

## एमसीबी जिला में सतत् स्वीप जन जागरूकता अभियान जारी

**मनेन्द्रगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शनमें जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई प्राचार्य शासकीस विवेकानन्द पी.जी. महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के संयोजन में एमसीबी जिला में सतत् स्वीप जन जगारूकता अभियान जारी है। इसी क्रम में आज हसदेव एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, को प्रातः कालीन प्रार्थना के उपरान्त सारगर्भित मतदाता जागरूकता व्याख्यान देते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा बताया गया कि आप सबको ईपीक कार्ड मिल चुके होगे, आप सभी 17 नवम्बर 2023 को अनिवार्य रूप से मतदान करें। इस वर्ष निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से उपर के मतदाता, बिमार वृद्ध, दिव्यांग मतदाता को मत दिलाने पोलिंग पार्टी उनके घर जाकर मतदान कराने जायेगी। उन्होने सभी लोगों से आग्रह किया कि हर व्यक्ति कम से कम 5 व्यक्ति को मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके उपरान्त कलेक्टर द्वारा मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर हसदेव एरिया महाप्रबंधक संजय मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. बिश्नोई ने जागरूकता उद्बोधन दिया एवं जन जागरूकता नारे लगाये। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में तहसीलदार नीरज कांत तिवारी, महाप्रबंधक (बचाव सेवाएं) मनोज विश्नोई, भू राजस्व अधिकारी संजय सिन्हा, विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी संजय पाण्डेय, सिक्योरिटी ऑफिसर मेजर कृपाल सिंह, फाहद अहमद, अमन नामदेव कार्मिक प्रबंधक, अन्य अधिकारीगण एवं स्टाफ ने मतदान करने का संकल्प लिया।

## अंडर 14 क्रिकेट मे जबरदस्त सफलता

**रायगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंडर 14 क्रिकेट मे जिले के 5 खिलाडियों का चयन एलिट मैचों हेतु हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों हुए अंडर 14 के प्लेट ग्रुप मैच मे रायगढ़ जिले की टीम सेमी फाइनल तक पहुंची थी। जिसमें खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन के कारण एलिट मैचों के लिए 14 के कप्तान विवेक वरदान दुबे के साथ-साथ सिद्धार्थ सेन गुप्ता, युवराज यादव, अंकुश कुमार एवं अंकित मिश्रा का चयन किया गया है।

# जिले के 03 लाख 93 हजार लोगों ने मतदान करने की ली शपथ

## गौरलाटा में आज वृहद मानव श्रृंखला का निर्माण कर देंगे मतदाता जागरूकता का संदेश




**बलरामपुर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज को छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा में ''छोडहूं बूता काम करहूं पहिले मतदान'' की थीम पर प्रातः 09 बजे से मतदाताओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण कर अवश्य मतदान करने का संदेश दिया जाएगा।

आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु 17 नवंबर 2023 को मतदान तथा 03 दिसंबर को मतगणना होना है। जिसमें शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप अभियान के तहत जिले के समस्त विद्यालय, महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं ने फ्लैस मॉब, मानव श्रृंखला, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों जागरूक तथा अवश्य मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों तथा नगर पंचायतों में रैली, मानव श्रृंखला, आदिवासी लोकनृत्य, रंगोली, नुक्कड़-नाटक, क्विज एवं मेंहदी प्रतियोगिता, दिवाल लेखन के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सभी जनपद पंचायत/नगर पंचायत क्षेत्रों में मतदाताओं के द्वारा जागरूकता का परिचय देते हुए हस्ताक्षर कर विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में अपने मत का प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ ली। इस अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 03 लाख 82 हजार 957 मतदाता एवं नगरीय क्षेत्रों के 10 हजार 459 जागरूक मतदाताओं ने शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किया और सही मायनों में लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी घर पहुंच मतदान की सुविधा

## मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को होम वोटिंग तथा पोस्टल बैलेट के संबंध दिया गया प्रशिक्षण



### जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग योग्यजन कुल 172 मतदाता करेंगे होम वोटिंग

**अम्बिकापुर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को लाइवलीहुड कॉलेज में विशेष मतदान दलों को 80 से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली होम वोटिंग तथा पोस्टल बैलेट की सुविधा के संबंध प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नगर निगम आयुक्त तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री अभिषेक कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर पहुंच मतदान की सुविधा दी जा रही हैं। जिस कार्य के लिए आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है, प्रशिक्षण को गम्भीरतापूर्वक लें तथा विशेष सावधानियों के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। पोस्टल बैलेट एवं होम वोटिंग के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत अवगत कराएं। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे मतदान अधिकारियों कर्मचारियों को होम वोटिंग की गोपनीयता के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग कुल 172 मतदाता होम वोटिंग करेंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 54, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में 72 और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में 46 योग्यजन मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया है। जिनके द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा। इसमें 80 प्लस आयु वर्ग से 141 मतदाता और दिव्यांग मतदाता में 31 मतदाता शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर-घर जाकर मतदान (होम वोटिंग) का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बंधित मतदाता को डाक मतपत्र जारी करते हैं। इस श्रेणी के मतदाताओं के लिए विशेष मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा। विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने की तिथि के बारे में पूर्व में ही सूचित किया जाएगा, जिससे मतदाता मतदान हेतु घर में उपस्थित रहे। यदि किसी कारणवश मतदाता उस दिन अपने घर में उपलब्ध नहीं है, तो पुनः अपने अगले दौरे की तिथि एवं समय की सूचना देकर मतदान दल द्वारा मतदाता का मत प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। मतदान दलों के ऐसे प्रत्येक दौरे की जानकारी सभी अभ्यर्थियों को प्रदान की जायेगी। जिससे कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि व बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे।

## ग्राहकों से किश्त लेकर भाग गये फायनेंस कंपनी के कर्मचारी

### पुलिस ने मैनेजर के खिलाफ किया मामला दर्ज

**रायगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कल एक फायनेन्सियल सर्विसेस कंपनी के डिवीजनल मैनेजर शाबु दामोदरन द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर कंपनी के कर्मचारी धरम पटेल एवं अन्य के विरूद्ध ग्राहकों से किस्तो की राशि प्राप्त कर रूपयों का गबन करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता के अनुसार इनकी फायनेंस कंपनी विभिन्न प्रकार के वाहनों को क्रय करने हेतु वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करती है। कंपनी की विभिन्न शाखाओं में एक्सिक्यूटिव के पद पर पदस्थ हैं। जिनका कार्य कम्पनी से वित्तीय सुविधा प्राप्त कर वाहन क्रय करने वाले ग्राहकों ऋणग्रहिताओं (बनेजवउमते) से ऋण की राशि को आसान किश्तों में प्राप्त कर रसीद प्रदान कर, उक्त किश्त की राशि को कम्पनी के शाखा कार्यालय में जमा करना और किश्तों का भुगतान करने में असमर्थ ग्राहकों से वाहन कम्पनी विधिवत आधिपत्य में प्राप्त कर कम्पनी के अधिकृत यार्ड में जमा करने का कार्य होता है।

कंपनी के कुछ कर्मचारियों द्वारा कंपनी के कुल 19 ऋणग्रहिताओं के द्वारा कंपनी के कर्मचारियों को नगद फोन-पे बैंक खाते में ट्रांसफर के माध्यम से प्रदान की गई किस्त की राशि लगभग 1,42,300 का रसीद ऋणग्रहिताओं को प्राप्त नहीं हुआ है और ना ही कम्पनी में जमा किया गया जिसे कर्मचारियों के द्वारा स्वयं के निजी उपयोग में लिया गया।

कंपनी के 23 ऋणग्रहिताओं के द्वारा कंपनी में शिकायत किया गया कि कंपनी के कर्मचारी धरम पटेल एवं अन्य को सुपुर्द किये गये वाहनों को धरम पटेल एवं अन्य के द्वारा कम्पनी के अधिकृत यार्ड में जमा नहीं कराया गया अन्यत्र हस्तांतरित या गिरवी या विक्रय कर दिया गया है। आवेदन पर आरोपित धरम पटेल व अन्य के विरूद्ध धारा 408,34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## एमसीबी जिला में सतत् स्वीप जन जागरूकता अभियान जारी

**मनेन्द्रगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शनमें जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई प्राचार्य शासकीस विवेकानन्द पी.जी. महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के संयोजन में एमसीबी जिला में सतत् स्वीप जन जगारूकता अभियान जारी है।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

मनेन्द्रगढ़ 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर, एम.सी.बी.,को एक लिखित शिकायत सौपते हुये संजय कुमार केशरवानी ने विकासखण्ड-मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा किए जा रहे भारी भ्रष्टाचार के संबंध में सूचना देते हुये उचित कार्यवाही का अनुरोध किया है. शिकायत में सतत् शिक्षा समग्र योजनांतर्गत कोरोना काल के पहले लगभग तीन ट्रक पुस्तकें जो शासन द्वारा प्राप्त हुई थीं जिसे संकुल एवं विद्यालयों को वितरित किया जाना था। जिसका भण्डारण शास0 कन्या प्राथमिक शाला पानी टंकी के सामने किया गया था। स्कूल के बंद होने का फायदा उठाते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा इन पुस्तकों को अपने कार्यालय के बाबुओं से सांठगांठ कर कबाड़ी के माध्यम से लाखों रूपये में कबाड़खाने में बेच दिया गया है।

## व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी ने एस.एस.टी. चेक पोस्टों का किया औचक निरीक्षण

**बलरामपुर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में व्यय अनुवीक्षण नोडल एवं जिला कोषालय अधिकारी श्री संतोष सिंह ने विकासखण्ड राजपुर के बरियों चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने चेकपोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों से चर्चा कर नियमित रूप से जांच करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने संधारित पंजी का भी अवलोकन कर अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से करने तथा किसी भी तरह के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में शराब, सोना, नगदी तथा कोई भी ऐसी वस्तु जिसका उपयोग मतदाताओं को लुभाने के लिए किया जाये उसका परिवहन न हो, यदि इस प्रकार की वस्तु किसी गाड़ी में पाए जाते हैं उन्हें तत्काल पंचनामा बनाकर जब्त करें तथा जिला कार्यालय को अवगत करायें। अनुमति युक्त गाड़ी में यदि बैनर पोस्टर पाए जाते हैं तो यह जरूर देखें की पोस्टर पर मुद्रक का नाम, पता एवं संख्या अंकित है या नहीं यदि अंकित नही हैं तो बैनर पोस्टरों को जब्त करें।साथ ही कहा कि जांच के दौरान यह विशेष रूप से ध्यान रखें कि बीमार, छोटे बच्चों के साथ बैठा कोई परिवार अथवा कोई आम नागरिक आपके कारण अनावश्यक रूप से परेशान न हो तथा आवागमन किसी भी स्थिति में बाधित न हो।

## संदिग्ध सामग्री के परिवहन को रोका गया, शाल और थैले हुए जब्त



**अम्बिकापुर** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण विधानसभा निर्वाचन संपन्न करने उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र-10 अम्बिकापुर के अन्तर्गत ग्राम लटोरी, थाना लखनपुर में एफएसटी दल को मुखबिर से सूचना मिलते ही त्वरित एक्शन लिया गया। लटोरी नाका में वाहनों की जांच के दौरान इनोवा वाहन में तीन प्लास्टिक बोरी में थैला एवं उसमें एक-एक शाल रखा हुआ पाया गया। उक्त थैला एवं शाल के संबंध में वाहन चालक से पूछताछ की गई। उक्त वाहन में रखे तीनों बोरी को वाहन से उतरवाकर बोरी खोलवाकर जांच की गई। उक्त तीनों में 100-100 नग सफेद रंग का थैला, सभी थैला में एक-एक शाल तथा कमल फूल का चिन्ह बना हुआ पाया गया। टीम द्वारा उक्त सामग्री की कीमत लगभग 75 हजार रुपए आंकी गई है।एफएसटी दल द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त सामग्री को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया एवं थाना लखनपुर को सुपुर्द किया गया। वाहन के दस्तावेज सही पाए जाने के कारण वाहन को छोड़ दिया गया।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**रायगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ विधानसभा में कांग्रेस का अंतर्कलह किसी से छिपा नहो है। कार्यकर्ता या तो संगठन से या फीर विधायक की एकला चलो की नीति से काफी नाराज है। यही वजह है कि कार्यकर्ताओ में चुनाव को लेकर उत्साह की कमी साफ नजर आ रही है। वही कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष शेख मुबासिर हुसैन ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। शेख मुबासिर हुसैन ने प्रदेश अध्यक्ष के नाम लिखे पत्र में कहा है कि प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की कार्यप्रणाली से उनका सामंजस्य नही बैठ पा रहा है। यही कारण है कि विभाग के साथ कार्य करने में असमर्थ हु। बहरहाल चुनाव के समय पदाधिकारियों की नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है जिससे कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# भरतपुर सोनहत व मनेन्द्रगढ़ के नामांकन रैली में उमड़ी भीड़

**मनेन्द्रगढ़** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा भरतपुर सोनहत के कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब कमरो एवं मनेन्द्रगढ़ विधानसभा प्रत्याशी अधि.रमेश सिंह का नामांकन जमा करने पहुँचे विधानसभा अध्यक्ष डा. चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत का क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि यहां इतनी संख्या में जिस तरह से आज जन समुदाय मौजूद है उससे साफ है कि जिले की दोनों विधानसभा में एक बार फिर से कांग्रेस का परचम लहराएगा।

मनेंद्रगढ़ विधानसभा से कांग्रेस



प्रत्याशी अधिवक्ता रमेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस ने क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग एमसीबी जिला बना कर पूरी की है, आने वाले समय में यहां मेडिकल कॉलेज शुरू होगा, जिससे यह नया जिला विकास की नई इबादत लिखेगा। ग्रामीण क्षेत्र में हमारी कांग्रेस की सरकार ने काफी काम किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र का विकास दिखाई पड़ने लगा है। जगह-जगह आत्मानंद स्कूल खोलकर गरीब बच्चों को पढ़ाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अब अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकेंगे सिद्ध बाबा के आशीर्वाद से यह नया जिला निरंतर आगे बढ़ेगा ऐसा मेरा मानना है। इस दौरान चिरमिरी की महापौर कंचन जायसवाल भी उपस्थित रही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले 15 साल में जितने काम नहीं हुये उससे ज्यादा काम सिर्फ पिछले 5साल में हो चुके है।

इसी कड़ी में भरतपुर सोनहत प्रत्याशी गुलाब कमरो ने सभा में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब आपके आशीर्वाद के लिए खड़े हैं।कोरोना संकट में भी हमारी पार्टी ने जो काम किया है वह किसी से छिपा नहीं है। हमारी सरकार की 51योजना संचालित हैं। जिन्हें हम घर-घर लेकर जायेंगे, यहाँ की जनता पहली बार भयभीत हो गई है क्योंकि भाजपा के लोग हाथ काटने की बात कह रहे हैं। मैंने पूरे 5साल आपकी सेवा की है मुझे भरोसा है की अगर पुरानी सरकार वापस आएगी तो किसानों का कर्जा माफ हो जायेगा। भाजपा मतलब झूठ बोलने वाली पार्टी है,लेकिन दुर्भाग्य है कि राम की तुलना अपने नेताओं से करते हैं।

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि जो नामांकन रैली थी वह विजय रैली लग रही थी,आज समय कम है दोनों प्रत्याशी कांग्रेस के सिपाही हैं, हमारा एक ही धर्म है कांग्रेस, हमारी एक ही जाति है प्रेम।उन्होने कहा कि जब भी मै क्षेत्र की जनता के लिए किसी ट्रेन की मांग करती हूं तो भाजपा के नेता कहते हैं गाड़ियों से चले जाओ।

अंतिम वक्ता के रूप में डा चरण दास महंत ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा कि मैं सोच रहा था कि मै क्या बोलूगा,लेकिन जो नामांकन रैली थी वह विजय रैली हो गई। यह इस क्षेत्र के लोगो का प्यार है,पूरे प्रदेश में ऐसा ही माहौल है, नये जिले की उन्नति की बात है इसे मैं नहीं दोहराना चाहता।मैं मुख्य मंत्री को बताना चाहता हूं कि उनके आये बिना ही इस क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस को विजय दिला दी।इस दौरान मंच पर नपाध्यक्ष प्रभा पटेल, डा. विनय शंकर सिंह, राजेंद्र बोंदिया, उषा करियाम,राजेश शर्मा, राजेश साहू, सौरव मिश्रा, राजकुमार जैन, शरण सिंह, विवेक चतुर्वेदी,कल्लू मेमन, राजकुमार केशरवानी, सुभाष कश्यप, शाहिद महमूद, राकेश श्रीवास्तव, राजा मिश्रा, मनोज शर्मा, समेत जिले भर के कार्य कर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

# पुलिस मैदान में कल होगी प्रियंका गांधी की सभा

## सभा में मंच पर 6 कांग्रेस उम्मीदवार समेत 30 संगठन पदाधिकारी रहेंगे मौजूद

### सभी विधानसभा से पांच-पांच हजार होंगे शामिल

**बिलासपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की 30 अक्टूबर को पुलिस मैदान में एक बड़ी चुनावी सभा होने जा रही है। प्रियंका गांधी की सभा के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी की मौजूदगी में आज प्रियंका गांधी की सभा के लिए मंच की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

प्रियंका गांधी के निजी सचिव भी शहर पहुंच गए हैं। आज उन्होंने प्रियंका गांधी के मंच के को लेकर कांग्रेस जनों से चर्चा की तथा कुछ बदलाव के निर्देश भी दिए हैं। प्रियंका गांधी कांग्रेस की नामांकन रैली में शामिल नहीं होगी। वे दुर्ग से सीधे हेलीकॉप्टर से बिलासपुर पहुंचेगी और रोड शो नहीं करेंगे। पुलिस मैदान सीधे मंच में पहुंचेंगी एवं सभा को संबोधित करेंगी। प्रियंका गांधी के साथ मंच पर छह उम्मीदवारों समेत संगठन के 30 पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिसमें मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी के अलावा कांग्रेस के दिग्गज 30 नेताओं के नाम आज सूची कर दी गई है जिन्हें प्रियंका गांधी के मंच पर बैठने की व्यवस्था की गई है। पीएससी ने प्रियंका गांधी की सभा के लिए गाइडलाइन भी जारी की है। प्रियंका गांधी की सभा के पहले कांग्रेस के सभी उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ नामांकन दाखिल करेंगे तथा रैली के रूप में पुलिस मैदान पहुंचेंगे। लगभग 100 के बाद ही प्रियंका गांधी पुलिस मैदान पहुंचेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पाटन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की नामांकन रैली में दुर्ग में नामांकन दाखिल करने के बाद प्रियंका गांधी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, तथा की अनुमति भी मिल गई है। प्रदेश शासन के मंत्रिमंडल के सदस्य बिलासपुर नामांकन रैली में शामिल होने आएंगे। पहले कांग्रेस ने यहां पर नामांकन रैली तथा रोड शो की तैयारी की थी लेकिन दुर्ग में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नामांकन रैली में ज्यादा समय होने के कारण प्रियंका गांधी का रोड शो यहां कैंसिल कर दिया गया है। अब वह सीधे पुलिस मैदान में सभा को संबोधित करेंगी। आज कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पुलिस मैदान पहुंचे। प्रियंका गांधी के निज़ सचिव के अलावा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक अभय नारायण राय, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन सभापति शेख नजीरुद्दीन एवं राकेश शर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की मौजूदगी में प्रियंका गांधी की सभा स्थल का जायजा लिया।



### कांग्रेसजनों ने बनाई रणनीति, भीड़ लाने जिम्मेदारी बांटी

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन सभापति शेख नजीरुद्दीन का कहना है कि प्रियंका गांधी की चुनावी सभा से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। बिलासपुर पुराने जिले की 9 सीटों में प्रियंका गांधी की आगमन से कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनेगा। प्रियंका गांधी पुलिस मैदान में एक बड़ी चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। जिसमें बिलासपुर जिले की 6 विधानसभा सीट से लगभग 30000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल होने आ रहे हैं। प्रियंका गांधी के निज सचिव आज शहर पहुंचे और शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के साथ पुलिस मैदान का निरीक्षण किया।

बिलासपुर बिल्हा तखतपुर मस्तूरी बेलतरा एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र में सभी प्रत्याशियों को भीड़ लाने की जवाबदारी दी गई है। प्रियंका गांधी के साथ मंच पर सभी छह उम्मीदवार भी बैठेंगे। आज कांग्रेस की बैठक में प्रमुख रूप से सभापति शेख नजीरुद्दीन विधायक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद शुक्ला जावेद मेमन नागेंद्र राय, विनोद साहू, गीतांजलि कौशिक, शिवा मिश्रा राजेंद्र दीवार झगड़ राम सूर्यवंशी जगदीश कौशिक, नरेंद्र बोलर, राजेश पांडे, रविंद्र सिंह ठाकुर ऋषि पांडे पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेई, शिवम मुदलियार, सीताराम जायसवा, पिंकी बत्रा, तैयब हुसैन, विष्णु यादव रमेश सूर्य अखिलेश गुप्ता राकेश शर्मा, राम रतन कौशिक के अलावा काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे तथा प्रियंका गांधी की सभा में भीड़ को लेकर रणनीति बनाई गई है। सभी ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद एवं संगठन पदाधिकारी को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जॉन एवं ब्लॉक स्तर पर एवं सेक्टर स्तर पर भी लाने के जवाबदारी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे ने दी है।

बिलासपुर विधानसभा के अलावा बिरहा मस्तूरी तखतपुर कोटा सभी छह विधानसभा क्षेत्र से भीड़ लाने की के लिए वाहन की व्यवस्था के को लेकर



भी रणनीति बनाई गई है। बिलासपुर जिले की 6 विधानसभा क्षेत्र में 30000 की भीड़ लाने की जिम्मेदारी कांग्रेस जनों को दी जा रही है। 25000 से अधिक भीड़ लाने के लिए कांग्रेस के द्वारा वहां की व्यवस्था भी की जा रही है। विजय पांडे का कहना है कि प्रियंका गांधी की चुनावी सभा से कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनेगा प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने की पूरी संभावना भी है और पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

और बिलासपुर जिले से सभी 6 विधानसभा सीट कांग्रेस की झोली में होगी 7 बिलासपुर जिले की 6 सीटों में कांग्रेस उम्मीदवार शैलेश पांडे अटल श्रीवास्तव सियाराम कौशिक दिलीप लहरिया विजय केसरवानी तथा रश्मि सिंह रश्मि सिंह को विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी की चुनावी सभा से सीधा फायदा होगा। आज की बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी अजय अग्रवाल भी मौजूद थे उन्होंने प्रियंका गांधी की सभा में सभी ब्लॉक से एवं सभी विधानसभा से भीड़ बनाने की जिम्मेदारी संगठन पदाधिकारी को दी है। प्रियंका गांधी की चुनावी सभा में जो भी खर्च होगा वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खाते में जाएगा चुनाव आयोग की दिशा निर्देश पर प्रियंका गांधी की सभा का आधा खर्च प्रदेश कांग्रेस कमेटी वहन करेगी तथा आधा खर्च सभी 6 विधानसभा के उम्मीदवारों के चुनाव खर्च में शामिल होगा।

# चोरी के दो मामलों के दो आरोपी गिरफ्तार



### आरोपियों से एक्टिवा सहित चोरी के माल बरामद

**बिलासपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा चोरों को पकड़ने हेतु अलग अलग टीम बनाने निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य द्वारा थाना सिविल लाईन में दर्ज अपराध क्रमांक 1018/2023 धारा 457 380 भादवि एवं अपराध कमांक 1020 / 2023 धारा 457 380 भादवि के प्रकरणों में चोरी गई सामानो के साथ एक एक्टिवा वाहन को आरोपी रूपेश कश्यप एवं विकास चतुर्वेदानी के द्वारा चोरी कर बिक्री करने के फिराक में थे की सिविल लाइन पुलिस की सतत निगरानी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनके कब्जे से चोरी गए सामानों के साथ एक एक्टिवा को बरामद किया गया है।

उक्त दोनों आरोपी रूपेश कुमार कश्यप पिता स्व. चंदन सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास कुदुदंड, विकास चतुर्वेदनी उर्फ सोनू उम्र 20 वर्ष निवासी माताचौरा इंद्रपुरी तिफरा आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य, उप निरीक्षक आदित्य ठाकुर, आरक्षक देवेंद्र दुबे, राजेश नारंग, सोनू पाल, अविनाश कश्यप, राहुल सिंह का विशेष योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### स्वीप इलेवन वर्सेस मीडिया इलेवन के बीच रोचक किक्रेट मुकाबला आज




**बिलासपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप इलेवन और मीडिया इलेवन के बीच शहर के रघुराज स्टेडियम में 29 अक्टूबर को सवेरे 8 बजे से सद्भावना क्रिकेट मैच का रोचक मुकाबला होगा। स्वीप इलेवन की कप्तानी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण करेंगे। स्वीप इलेवन की तरफ से एसपी संतोष कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत भी मैच खेलेंगे। सीमित ओवरों के इस मैच में मीडिया इलेवन की तरफ से प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली सहित अन्य मीडियाकर्मी शामिल होंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकाधिक लोगों को दिलचस्प मैच का गवाह बनने के लिए आमंत्रित किया है। इसी प्रकार सरकण्डा स्थित खेल परिसर में नवमतदाता क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरूपम आज बिलासपुर प्रवास पर

**बिलासपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर संचार विभाग



द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद संजय निरूपम बिलासपुर प्रवास पर कल 29 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे पहुंचेगे। दोपहर 2 बजे स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय ने पत्रकार वार्ता में सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं वेब पोर्टल के साथियों से शामिल होने की अपील की है। उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष विजय पाण्डेय एवं साथी प्रवक्ता गण, ऋषि पाण्डेय भी उपस्थित रहेंगे।

### मेरा वोट उसको जो स्वार्थी न होकर सर्व वर्ग का हित करे -रमेश

**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। रमेश गुप्ता ने बताया कि



मतदाता होने का है मुझे गर्व, मत देने को हूं मैं तैयार, मैं लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांन्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुये, निर्भीक होकर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। मैं अपना मत शिक्षित व योग्य प्रत्याशी को दूंगा। जो प्रदेश को समृद्धशाली व खुशहाल बना सके। मैं अपना मत जो रोजगार के अवसर को बढ़ावा दे, भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करें। जनहित के कार्यों में सकारात्मक सोच रखने वाले को मेरा वोट जाएगा। न कि जो स्वार्थी को। दलगत राजनीति से दूर रहकर सर्व वर्ग के हित चाहने वाले को मेरा मत जाएगा।

# कोटा में आज़ाद युवा संगठन की बैठक में सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों को बताया

**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज़ाद युवा संगठन की बैठक ग्राम पंचायत तुलुफ, एवं ग्राम पंचायत कुपाबांधा के बैगापारा एवं ग्राम झरना में बैठक रखी गई।

बैठक में आज़ाद युवा संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा कहा गया कि अपने पाँच वर्ष के शासनकाल मे कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा किसानों का कर्ज माफ,बिजली बिल हाफ,महिला समूहों को रोजगार,बेरोजगारी भत्ताआंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का वेतन वृध्दि,धान खरीदी प्रति एकड़ 20 कुंटल धान खरीदी राशि मे वृद्धि पुनः सरकार बनने पर किसानों का कर्जा माफ आदि अनेको जनकल्याणकरी कार्यो एवं योजनाओं से सभी वर्गों का भरोसा जीता हैं जिससे पुनः प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से आज़ाद युवा संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के अलावा श्रीमती अमरीका बाई,राधा बाई मानकुमारी तिग्गा,शिवनी बाई यादव,मरावी,दुर्गा बाई कौशिक,राहसकली बाई,मधु जायसवाल,आशा बाई मरकाम,पुष्पा यादव,प्रेमा बाई पोर्ते,बिमला कुमारी कोल,आरती जायसवाल,निर्मला अगरिया,सुकूल तिग्गा,हरप्रशाद सोनवानी,कदम बाई बैगा,लिखन सिंह अगरिया,लखन सिंह बैगा,उर्मिला बाई गोड़,राजकुमारी अगरिया,लक्ष्मीन बाई अगरिया,चिंताराम नायक,कलिता बाई बैगा,ललिता बाई गोड़,चैन सिंह पैकरा,सम्मत कुँवर पैकरा,समुंद कुँवर पैकरा,फगनी बाई पैकराबुधवार सिंह बैगा,हिरामती बाई बैगा आदि संगठन के सदस्यगण उपस्थित रहे।




# एसबीआर कॉलेज का विकलांग चेतना परिषद से हुआ एमओयू

**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर के राष्ट्रीय विकलांग विमर्श शोध पीठ के साथ शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर के हिंदी और समाज शास्त्र विभाग के मध्य 17 अक्टूबर प्राचार्य डॉ.श्याम लाल निराला की अध्यक्षता में सोत्साह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विकलांग विमर्श शोधपीठ के निदेशक एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.विनय कुमार पाठक ने कहा-इस समझौते के तहत प्रथम सोपान के रूप में 19 दिसंबर 2023 को विकलांग विमर्श पर शोध संगोष्ठी होगी। जिसका उदघाटन पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय रमेश गर्ग करेंगे। वे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद हैं। कार्यक्रम में इस अनुबंध से महाविद्यालय को दिव्यांग चेतना की भागीदारी को प्राचार्य डॉ. निराला ने उपलब्धि बतौर स्वीकार किया है राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल ने परिषद के क्रिया कलापों का विवरण देते हुए विकलांगों की सेवा में योगदान को निरूपित किया। इस अवसर पर डॉ. जयश्री शुक्ल हिंदी विभागाध्यक्ष सहित डॉ. परमजीत पांडेय,डॉ.मंजुला पांडेय, डॉ. फेदोरा बरवा और श्रीमती चैताली सलूजा ,समाज शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. के.के.अग्रवाल,डॉ. एम.के.पांडेय,डॉ. अरुण कुमार यदु संरक्षक सदस्य विकलांग चेतना परिषद उपस्थित रहे हैं।



### ओवरब्रिज में दो वाहनों में हुई भिड़त

**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर ब्रिज में शनिवार के दिन दो वाहनों में हुई जबरदस्त भिड़त। हादसे में मिनी पिकप चालक घायल हो गया। मौके पे पहुँची पुलिस तो वहीं कार सवार ऋषभ नय्यर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह घर जा रहा था इस दौरान सामने से आ रहे मिनी पिकप वाहन का टायर फटने अनियंत्रित होते हुए आमने-सामने भिड़त हुई। ओवरब्रिज में हमेशा सड़क हादसे होते रहते है। खासकर रात के समय में इस ब्रिज पर सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होती है।

# पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का दौरा आज

**बिलासपुर**,28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक 29 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। वे 29 और 30 अक्टूबर को प्रदेश के कई विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। 29 अक्टूबर को भगवंत माना और संदीप कोटा से पार्टी के प्रत्याशी पंकज जेम्स के समर्थन में रोड शो करेंगे। 29 अक्टूबर को भगवंत मान सुबह 12 बजे कोटा पहुंचेंगे। कोटा में रोड शो करने के बाद भगवंत मान और संदीप पाठक कवर्धा के लिए रवाना हो जाएंगे।



आप द्वारा जारी बयान के मुताबिक भगवंत मान के दौरे का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जो विकास के काम किए हैं, उससे छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में भगवंत मान साहब की लोकप्रियता बढ़ी है। यही वजह है, छत्तीसगढ़ में भी उनके चुनावी कार्यक्रम कराने को लेकर प्रत्याशी और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भगवंत मान साहब के कार्यक्रम कराने का आमंत्रण आ रहा है। जिसे पार्टी की छत्तीसगढ़ की इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया है। हमारा प्रयास है, प्रदेश कब अलग-अलग क्षेत्रों में भगवंत मान साहब की अधिक से अधिक सभाएं हों। आम आदमी पार्टी ने ये भी बताया कि भगवंत मान का ये चुनावी कार्यक्रम सफल हो, इसके लिए अभी से तैयारी पूरी हो चुकी है।

# सेवा एक नई पहल ने बच्चों को बांटे स्टेशनरी व खेलकूद के सामान



**बिलासपुर**, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेवा एक नई पहल ग्रामीण शिक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत हर तीज त्यौहार को आदिवासी बहुल क्षेत्र में जाकर मनाती है।

इसी तारतम्य में संस्था की संयोजिका रेखा आहुजा के नेतृत्व में संस्था की महिला सदस्याओ रूपल चांदवानी, सिमरन तलरेजा, किरण रूचंदानी, भारती जेठमलानी ने कोटा आश्रित 3 गावों फुलवारी पारा, करैया पारा और गोंड पारा में शारदेय महोत्सव मनाया। इस गरिमामय आयोजन में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, वरिष्ठ समाज सेवी इंदर गुरबानी, राम हिंदूजा, विनीता चिमनानी, प्रिया हरियानी, भावना पोपटानी, रानी बग्गा, प्रीति पाहुजा व पूज्य सिंधी पंचायत राज किशोर नगर के भूतपूर्व अध्यक्ष सच्चानंद मंगलानी तथा संस्था के संस्थापक सतराम जेठमलानी आदि के सहयोग से उपस्थित ग्रामीणों में खेल कूद सामग्री, खिलौने, चाकलेट, वेफर्स विद्यालय को दरी, स्कूली बच्चो को शूज, महिला ब बुजुर्गो को शाल, कॉपी, पेन पेंसिल के साथ साथ स्व रोजगार के लिए सिलाई मशीन भी प्रदत्त की गई।

# दिल्ली-बिलासपुर सेक्टर का किराया घटाने की मांग

## अलायन्स एयर ने अब तक नहीं दिया कोई सार्थक जवाब

**बिलासपुर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर 28 अक्टूबर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अलायन्स एयर जो कि केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली कंपनी है के द्वारा बिलासपुर दिल्ली सेक्टर में शुरुआती किराया कम करने की मांग पर अब तक कोई सार्थक जवाब ना देने पर नाखुशी जाहिर की है. समिति ने कहा कि ऐसा शायद देश में पहली बार हो रहा है कि कोई नयी उड़ान चालु हो रही है पर उसका किराया सामन्य से अधिक रखा गया है।

गौरतलब है कि बिलासपुर दिल्ली सीधी उड़ान का शुरूआती किराया 7000 रुपये रखा गया है जो कि टैक्स आदि मिलकर 7300 पहुंच जाता है। यदि एक परिवार के 3 सदस्य या 4 दोस्तों का एक ग्रुप फ्लाइट बुक करता है तो उसे क्रमशः 22 और 29 हजार रुपये लगेंगे. इसके विपरीत दिल्ली रायपुर सेक्टर में यह किराया क्रमशः 17 या 23 हजार होगा। 2 से 3 हज़ार में कोई भी टैक्सी रायपुर एयरपोर्ट पहुंचा देती है ऐसे में फैमिली या ग्रुप बुकिंग पर अभी भी रायपुर से फ्लाइट लेना सस्ता पड़ रहा है. इस स्तिथि में यात्री रायपुर से ही यात्रा करेंगे।

> ■ **समिति ने पुनः एयर लाइन प्रबंधन से चर्चा कर बताया कि शुरुआती किराया कम नहीं किया गया तो फैमिली और ग्रुप बुकिंग रायपुर को ही मिलती रहेगी**

यदि बिलासपुर से दिल्ली सेक्टर में भी किराया 5 से 6 हजार के बीच ही रख कर शुरू किया जाता है और अधिकांश टिकट 5 से 7 हज़ार के बीच मिल जाती है तो ऐसे में यात्री बिलासपुर से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित होंगे. समिति ने केंद्र सरकार से मांग की है कि नए एयरपोर्ट और नयी उड़ान के विकास के लिए शुरुआत में मुनाफाखोरी की इजाजत नहीं होनी चाहिए। यदि बिलासपुर दिल्ली सेक्टर में किराया 7 हजार से ही शुरू किया जाएगा तो यह आगे बढ़ कर 10 हज़ार को छूने लगेगा और फ्लाइट असफल हो जायेगी। समिति ने कहा कि देश के आम नागरिक को (उड़ान) योजना तभी सार्थक होगी जब बिलासपुर को इसका लाभ मिले।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के क्रम से रवि बनर्जी, बद्री यादव, राघवेंद्र सिंह, मनोज श्रीवास, राकेश शर्मा, संतोष, पीपलवा, दीपक कश्यप, अनिल गुलहरे, अशोक भंडारी, केशव गोरख, चंद्र प्रकाश जायसवाल, परस राम कैवर्त, बद्री प्रसाद कैवर्त, बबलू पूरी गोस्वामी, रशीद बक्श, संजय पिल्ले, अभिषेक चौबे शाबाज़ अली, मोहसिन अली, अकील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## NECC

| 29.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 88 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 103 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188